दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 23 अगस्त 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 325

## सफलतापूर्वक अंतिम चरण में पहुंचा चंद्रयान-3, आज शाम 6.04 बजे चंद्रमा पर होगा लैंड

**चेन्नई (आरएनएस)।** भारतीय चन्द्र मिशन चंद्रयान-3 बुधवार को चंद्रमा पर उतरने के लिए तैयार है। चंद्र मिशन, चन्द्रयान 3 सफलतापूर्वक अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और चंद्रयान लैंडर मॉड्यूल (एलएम) 23 अगस्त की शाम छह बजकर 04 मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरेगा। अब तक, मिशन पूरी तरह से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और सभी की निगाहें अब लैंडिंग पर हैं, जो सफल होने पर, भारत को उन देशों के विशिष्ट समूह में शामिल कर देगा जिनमें अमेरिका, रूस और चीन शामिल हैं। इसरो वैज्ञानिक आधी रात से ही चंद्रयान-3 मिशन पर नज़र रख रहे हैं।

गौरतलब है कि चंद्रयान-3 की लैंडिंग से कुछ ही घंटे पहले इसरो ने एक मील का पत्थर हासिल किया जब ऑर्बिटर ले जाने वाले चंद्रयान-2 ने कल चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) का औपचारिक स्वागत किया। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर चंद्रयान-3 लैंडर के साथ इसरो के लिए बैकअप संचार चैनल होगा। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा 'चंद्रयान -3 मिशन: 'आपका स्वागत है दोस्त। सीएच-2 ऑर्बिटर ने औपचारिक रूप से सीएच-3 एलएम का स्वागत किया।'



इसरो ने 2019 में कहा था कि सटीक प्रक्षेपण और कक्षीय युद्धाभ्यास के कारण, चंद्रयान -2 ऑर्बिटर का मिशन जीवन सात साल तक बढ़ गया था। 22 जुलाई, 2019 को प्रक्षेपित किए गए चंद्रयान -2 मिशन में चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव का पता लगाने के लिए एक ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल थे।

चंद्रयान-2 को जुलाई 2019 में लॉन्च किया गया था और रोवर ले जा रहा लैंडर सितंबर 2019 में लैंडिंग साइट के बहुत करीब एक तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे मिशन 99.99 प्रतिशत सफल रहा। इसरो ने सोमवार को चंद्रयान-3 की लैंडिंग से पहले, लैंडर हैजर्ड डिटेक्शन एंड अवॉइडेंस कैमरा (एलएचडीएसी) द्वारा ली गई चंद्र सुदूर क्षेत्र की तस्वीरें जारी कीं।

इसरो ने कहा कि दूसरा डीबूस्टिंग और अंतिम ऑपरेशन रविवार सुबह 0200 बजे किया गया और एलएम निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करेगा और 23 अगस्त को संचालित लैंडिंग शुरू होगी। इस युद्धाभ्यास के बाद, चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान अब लगभग 25 किमी गुणा 134 किमी पर स्थित था। इसरो ने कहा, 'मॉड्यूल को आंतरिक जांच से गुजरना होगा और निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल पर सूर्योदय का इंतजार करना होगा।' इसरो, लैंडिंग साइट की पहचान करने के बाद, बुधवार शाम को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए सटीक ब्रेकिंग तकनीक का प्रदर्शन करेगा।

उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को 14 जुलाई को इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम 3-एम4 द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। लगभग 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद, इसे 36,500 किमी गुणा 170 किमी की अण्डाकार पार्किंग कक्षा में प्रविष्ट किया गया। चंद्रयान-3 को कक्षा में प्रवेश करने से इसकी 42 दिन की यात्रा समाप्त हो गई। इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने कहा कि चंद्रमा की ओर 3.80 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके 23 अगस्त को सॉफ्ट लैंडिंग के साथ समाप्त होगी।

चंद्रयान-3 में एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल (एलएम), प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) और एक रोवर शामिल है, जिसका उद्देश्य भविष्य के अंतर-ग्रहीय मिशनों के लिए आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और प्रदर्शित करना है। चंद्रयान-3 की सेहत सामान्य है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और जेपीएल डीप स्पेस एंटीना के सहयोग से पूरे मिशन के दौरान, अंतरिक्ष यान के स्वास्थ्य की लगातार इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स), बेंगलुरु के पास बयालू में इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क (आईडीएसएन) एंटीना से निगरानी की जा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू में आईईडी का चला पता, पुलिस ने किया नष्ट

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू जिले में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। पुलिस ने कहा, बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने जम्मू जिले के पंजग्रेन नगरोटा इलाके में एक आईईडी का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। एक एसएसपी ने कहा कि आईईडी को बीडीएस द्वारा एक नियंत्रित तंत्र के माध्यम से नष्ट कर दिया गया। अधिकारी ने कहा, कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार युवती की मौत

**मुरैना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने साइकिल सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि साइकिल सवार व्यक्ति आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर को पार करने की कोशिश कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर सहित मौके फरार हो गया। मृतक की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### महाराष्ट्र का श्रद्धालु स्नान करने के दौरान यमुना नदी में बहा, शव बरामद

**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद स्थित यमुनोत्री धाम के दर्शन करने के बाद यमुना नदी में स्नान के दौरान पानी के तेज बहाव में एक श्रद्धालु बह गया। राहत बलों ने उसका शव बरामद कर लिया है। उत्तरकाशी के जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र प्रभारी देवेंद्र सिंह पटवाल ने मंगलवार को बताया कि तहसील बडक़ोट के अधीन सुबह 06:20 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसाला के पास यमुनोत्री धाम से दर्शन करने के पश्चात, यमुना नदी में नहाते समय अचानक पैर फिसलने से भाव साहब (42) पुत्र श्याम लाल, ग्राम दोदल, तहसील बाजपुर, जिला औरंगाबाद, महाराष्ट्र की नदी में बहने जाने के कारण मृत्यु हो गई। पुलिस, एसडीआरएफ तथा राजस्व विभाग की टीम द्वारा श्रद्धालु के शव को खरादी के पास बरामद किया गया। पुलिस द्वारा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्य, बडक़ोट लाया गया है जिसकी पंचनामा की कार्रवाई गतिमान है।

### पत्रकार विमल यादव हत्याकांड का मुख्य शूटर अर्जुन शर्मा गिरफ्तार, भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस ने दबोचा

**अररिया (आरएनएस)।** बिहार के अररिया जिले में एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इससे पहले चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पत्रकार हत्या के मामले में नामजद आरोपी रानीगंज थाना के बेलसारा गांव निवासी अर्जुन शर्मा को गुप्त सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा पर जोगबनी थानान्तर्गत चाणक्या चौक से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी अर्जुन शर्मा का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि पत्रकार हत्या मामले में यह मुख्य शूटर की भूमिका निभाई थी। बता दें, शुक्रवार की सुबह जिले के रानीगंज स्थित दैनिक अखबार के संवाददाता विमल कुमार यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपराधियों ने पत्रकार के घर पर पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना में विमल यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में दो आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं।

## फ्लाइट में बिगड़ी शख्स की तबियत, इमरजेंसी लैंडिंग के बावजूद नहीं बच सकी जान

**नागपुर (आरएनएस)।** इंडिगो एयरलाइंस की मुंबई- रांची फ्लाइट में देर रात एक यात्री की तबियत अचानक खराब हो गई। इसके बाद फ्लाइट को इमरजेंसी में नागपुर लैंड कराया गया। मगर यात्री की हॉस्पिटल ले जाते समय मौत हो गई। इसके बाद फ्लाइट को रांची के लिए भेजा गया। बताया गया कि मुंबई से रांची जा रही इंडिगो की उड़ान में सवार एक 62 साल के यात्री की उड़ान के बीच में ही खून की उल्टी होने के बाद मौत हो गई। किसी इमरजेंसी से निपटने के लिए नागपुर हवाई अड्डे पर तैनात ्यद्ढरूस्-किंग्सवे अस्पताल की मेडिकल टीम ने पैसेंजर का इलाज किया, मगर उसे बचाया नहीं जा सका।

बताया गया कि रात करीब 8 बजे मुंबई से रांची की इंडिगो फ्लाइट में यात्री देवानंद तिवारी को खून की उल्टी होने लगी थी। अस्पताल की ओर से जारी एक प्रेस बयान में कहा गया कि यात्री तपेदिक और क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित था। उसने विमान में बड़ी मात्रा में खून की उल्टी की और उनको मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया। आगे की प्रक्रिया के लिए शव को सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया है। जरूरी मेडिकल प्रक्रियाओं और मंजूरी के बाद इंडिगो फ्लाइट ने सफलतापूर्वक नागपुर से रांची तक अपनी यात्रा फिर से शुरू की।

गौरतलब है कि एयरपोर्ट से किसी मरीज को मृत अवस्था में अस्पताल लाए जाने की यह दूसरी घटना है। पिछले हफ्ते ही एक 40 साल के इंडिगो पायलट की मौत हो गई, जब वह हवाई अड्डे के सुरक्षा होल्ड एरिया में नागपुर-पुणे उड़ान की प्रतीक्षा कर रहा था।

## दक्षिण-मध्य चिली में भयंकर तूफान से दो लोगों की मौत

**सैंटियागो ।** दक्षिण-मध्य चिली में आए भयंकर तूफान के कारण दो लोगों की मौत हो गई। उप आंतरिक मंत्री मैनुअल मोनसाल्वे ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मृतकों में से एक स्वयंसेवी अग्निशामक था जो एक उफनती नदी से एक कुत्ते को बचाने की कोशिश करते समय मारा गया जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत उसके वाहन के ऊपर एक पेड़ के गिर जाने से हुई। राष्ट्रीय आपदा रोकथाम और प्रतिक्रिया सेवा ने कहा, 'फिलहाल 423 लोगों के आश्रय स्थलों में होने की सूचना है, 26,297 लोग फंसे हुए हैं और 33,895 लोगों को निकाला गया है, साथ ही दो लोगों की मौत भी हुई है।' तूफान ने तीन स्थानीय स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों को ठप कर दिया है और 226 स्कूल प्रभावित हुए हैं। राजधानी सैंटियागो को इसके करीबी दक्षिणी गंतव्यों से जोडऩे वाले मार्गों पर ट्रेन सेवा निलंबित कर दी गई है।

## शादी के दो महीने बाद प्रेमी के साथ मिलकर करवा दी थी पति की हत्या, कोर्ट ने दोनों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के हजारीबाग की जिला अदालत ने एक व्यक्ति की हत्या में उसकी पत्नी और प्रेमी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर शादी के 61वें दिन ही पति की चाकू घोंपकर और पत्थर से कूचकर हत्या करवा दी थी।

वारदात हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुई थी। गिद्दी जिले के चुंबा की रहने वाली कंचन कुमारी और विकास कुमार की अरेंज मैरेज हुई थी, लेकिन कंचन का शिवानंद प्रसाद नामक युवक के साथ पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।



पहले उसने शिवानंद का परिचय अपने पति विकास से कराया। फिर एक दिन शिवानंद ने विकास को बुलाकर शराब पिलाई और इसके बाद चाकू से मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, उसका चेहरा पत्थर से कूच दिया।

पुलिस ने विकास का शव हजारीबाग के सिंघानी में सडक़ के पास बरामद किया था। विकास के पिता सुभाष चंद्र प्रसाद के लिखित बयान के आधार पर मुफस्सिल थाने में अज्ञात पर हत्या का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस तहकीकात के दौरान मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने अदालत में चार्जशीट सौंपी। न्यायालय में अभियोजन की आर से 11 गवाहों के बयान दर्ज कराया। इसके साथ छह सबूत कोर्ट के समक्ष पेश किए गए। इसमें एफएसएल रिपोर्ट भी शामिल है।

मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने भारतीय दंड विधान की धारा 302 एवं 34 के तहत कंचन कुमारी और उसके प्रेमी शिवानंद प्रसाद को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और दस-दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर दोनों दोषियों को दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक-2 का दावा झूठा, सेना ने अफवाहों को बताया निराधार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर फिर से सर्जिकल स्ट्राइक किया और एलओसी के 2.5 किलोमीटर अंदर घुसकर एक्शन लिया। ऐसी रिपोर्ट एक अखबार में छपी खबर में दावा किया गया कि सेना ने तरकुंडी सेक्टर, भिंभर गली से रुशष्ट पार किया और सर्जिकल स्ट्राइक किया। इसके साथ ही सेना ने कोटली में आतंकियों के 4 लॉन्च पैड तबाह किए। इस ऑपरेशन में 7 से 8 आतंकी मारे गए। सेना का शनिवार रात को एक्शन, स्पेशल फोर्स के जावनों का ऑपरेशन के बाद 12 से 15 जवान सकुशल वापस लौटे। अब भारतीय सेना ने इस खबर को पूरी तरह से निराधार और इस दावे को झूठा करार दिया है।



दरअसल, 21 अगस्त को आतंकियों ने बालाकोट में घुसपैठ की कोशिश की थी। आतंकियों की इस घुसपैठ की कोशिश के बाद भारतीय सेना ने घुसपैठियों पर फायरिंग की थी। सेना की फायरिंग के बाद कुछ आतंकी भाग गए थे लेकिन इनमें से दो आतंकवादी ढेर हो गए थे। सेना और पुलिस के सर्च ऑपरेशन में मारे गए आतंकियों के पास से दो मैगजीन, दो हैंड ग्रेनेड और एक ्र्य- 47 रायफल बरामद किया गया था।

भारतीय सेना ने बताया कि 21 अगस्त की सुबह, सतर्क सैनिकों ने दो आतंकवादियों को बालाकोट सेक्टर के हमीरपुर क्षेत्र में खराब मौसम, घने कोहरे, घने पत्तों और ऊबड़-खाबड़ जमीन का उपयोग करके नियंत्रण रेखा पार करने का प्रयास करते हुए देखा। जैसे ही आतंकवादी घात स्थलों के पास पहुंचे, उन्हें चुनौती दी गई और फिर उन पर प्रभावी ढंग से गोलीबारी की गई। खराब मौसम और जमीनी परिस्थितियों का फायदा उठाकर आतंकवादियों को घात स्थल से भागने के लिए मजबूर कर दिया।

हालांकि प्रभावी गोलीबारी के परिणामस्वरूप एक आतंकवादी नियंत्रण रेखा के पास जमीन पर गिर गया। फिर अतिरिक्त सैनिकों को क्षेत्र में भेजा गया और मौसम की स्थिति और दृश्यता में सुधार के बाद दोपहर में तलाशी अभियान शुरू हुआ। इलाके की तलाशी में एक एके 47 राइफल, दो मैगजीन, 30 राउंड, दो ग्रेनेड और पाक मूल की दवाएं बरामद हुईं।

खोज के दौरान एलओसी की ओर जाने वाले रक्त के निशानों का भी पता लगाया गया। खुफिया जानकारी के अनुसार घुसपैठ का प्रयास करने वाले दो आतंकवादी अपने ही सैनिकों की गोलीबारी के कारण घायल हो गए, लेकिन फिर भी नियंत्रण रेखा के पार लौटने में कामयाब रहे और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया। घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए हमारी सेना लगातार अलर्ट पर है और निगरानी बनाए हुए है।

## श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं ने भारतीय मछुआरों पर किया हमला

**चेन्नई (आरएनएस)।** गहरे समुद्र में मछली पकड़ रहे तमिलनाडु के नागापट्टिनम के भारतीय मछुआरों पर मंगलवार को श्रीलंका से आए समुद्री लुटेरों ने हमला कर दिया।

तमिलनाडु के तटीय पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि समुद्री लुटेरे तीन नावों में सवार होकर बीच समुद्र में पहुंचे और मछुआरों पर ईंटों और डंडों से हमला किया।

गौरतलब है कि कई मौकों पर तमिलनाडु सरकार ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की गिरफ्तारी का मुद्दा केंद्रीय विदेश मंत्रालय के साथ उठाया है।

रामनाथपुरम, नागपट्टिनम और थूथुकुडी के मछुआरों ने राज्य और केंद्र सरकारों से शिकायत की थी कि उन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया है और उनकी महंगी मशीनीकृत नौकाएं जब्त कर ली हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री कार्यालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि राज्य सरकार इस मामले को श्रीलंकाई सरकार तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार के समक्ष उठाएगी।

तमिलनाडु के नागापट्टिनम के एक मछुआरे एंटनी फर्नांडीज ने आईएएनएस को बताया कि वे श्रीलंकाई नौसेना और समुद्री डाकुओं का सामना करते हुए बीच समुद्र में मछली पकड़ रहे हैं।

## राज्य में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चीफ इलेक्शन कमिश्नर का तीन दिवसीय दौरा कल से

**- चुनाव आयोग का यह पहला दौरा : दो अन्य कमिश्नर भी होंगे साथ**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा के चुनाव के लिए आयोग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार के अलावा दोनों कमिश्नर अनूप चंद्र पांडेय व अरुण गोयल 24 अगस्त को तीन दिन के राजधानी के दौरे पर आ रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस दौरान आयोग के उच्चाधिकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सभी कलेक्टर-एसपी की भी बैठक लेंगे। चुनाव आयोग का यह पहला दौरा है, इसलिए पुलिस और प्रशासन दोनों अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहा है । चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग का दल 24 अगस्त को रायपुर पहुंचेगा। नवा रायपुर स्थित मेफेयर होटल में बैठक होगी। तीन दिन के दौरे में 24 अगस्त को पहले राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। इसके बाद सीईओ रीना कंगाले व पुलिस विभाग की ओर से नोडल अफ सर आईपीएस ओपी पाल से तैयारियों के संबंध में जानकारी लेंगे।

वहीं 25 अगस्त की बैठक काफी अहम होगी, क्योंकि इसमें सभी जिलों के कलेक्टर-एसपी शामिल होंगे। सभी को तैयारियों के साथ आने के निर्देश दिए गए हैं। इसे लेकर कलेक्टर-एसपी के दिल की धडक़नें तेज हो गई है, क्योंकि तैयारियों में कमी की स्थिति में आयोग उन्हें हटाने की भी सिफारिश कर सकता है। वहीं अंतिम दिन 26 अगस्त को चीफ इलेक्शन कमिश्नर मीडिया के साथ चर्चा करेंगे।

## अभी सुलझा नहीं सीमा हैदर का मामला, बांगलादेश से नोएडा पहुंची सानिया खातून

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर का मामला अभी चल ही रहा था कि अब बांग्लादेश से एक महिला अपने बच्चे को लेकर नोएडा पहुंच गई है. महिला आठ दिनों से नोएडा में है। महिला का कहना है कि नोएडा के एक शख्स ने उससे शादी की और तीन साल साथ रहने के बाद उसे छोडक़र वापस भारत के नोएडा आ गया। जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश से नोएडा पहुंची सोनिया अख्तर अपने बच्चे के साथ आई है. उसका दावा है कि नोएडा के रहने वाले सौरभ तिवारी ने उससे बांग्लादेश में शादी की, उनका एक बच्चा है, जिसे लेकर वह अपने पति के पास रहने आई है। महिला का आरोप है कि नोएडा का रहने वाला सौरभकांत तिवारी बांग्लादेश में नौकरी करता था. वह महिला से प्यार करने लगा और फिर मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी कर ली।



महिला का आरोप है कि सौरभ ने मुस्लिम धर्म अपना लिया था। जब महिला प्रेग्नेंट हुई तो सौरभ ने कहा, उसे इंडिया जाकर कुछ जरूरी काम निपटाने हैं और वापस आना है। इसके बाद वह गया और वापस ही नहीं आया। महिला ने आरोप लगाया कि सौरभ ने सारे नंबर बंद कर लिए, जिससे उसका कॉन्टैक्ट होता था. सीमा हैदर को देखते हुए महिला की हिम्मत बढ़ गई और उसने वीजा लेकर इंडिया आने का फैसला किया। जब वह नोएडा पहुंची तो पुलिस ने उसे डिटेन कर लिया और सेक्टर-62 में बने एक डिटेंशन सेंटर में रखा गया। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की महिला सेल ने सौरभ और उसके बीच समझौता कराने की कोशिश की।

महिला का कहना है कि मुझे सौरभ के साथ रहना है, चाहे वह मेरे साथ बांग्लादेश चले या वह मुझे यहां पर रखें। अब इस बात को लेकर जद्दोजहद है। सानिया अपने पति के साथ रहना चाहती है। उसका कहना है कि या तो पति उसके साथ वापस बांग्लादेश चले या वह पति के साथ नोएडा में ही रहेगी। सीमा हैदर के बाद अब सामने आए सानिया के केस के चलते नोएडा पुलिस के हाथ-पांव फूले हुए हैं। इससे पहले पाकिस्तान की सीमा हैदर बिना किसी दस्तावेज के अपने चार बच्चों के साथ अपने प्रेमी सचिन मीणा के पास भारत पहुंची थी।